सत्र – 2014 – 2015

**कक्षा – 8** **विषय–हिन्दी**

## नियत कार्य–2

1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए –

(क) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

(ख) 'मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।' – के द्वारा लेखक क्या कहना चाहते हैं ?

(ग) क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई–मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं ?

(घ) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?

(ङ) कविता में ऐसी कौन–सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी ? 'दीवानों की हस्ती' कविता के आधार पर लिखिए।

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए –

हुआ यह है कि इस देश के कोटि–कोटि दरिद्रजनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए ऐसे अनेक कायदे–कानून बनाए गए हैं जो कृषि, उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक उन्नत और सुचारु बनाने के लक्ष्य से प्रेरित हैं, परंतु जिन लोगों को इन कार्यों में लगना है, उनका मन सब समय पवित्र नहीं होता। प्रायः वे ही लक्ष्य को भूल जाते हैं और अपनी ही सुख–सुविधा की ओर ज्यादा ध्यान देने लगते हैं।

(क) देश में कायदे–कानून क्यों बनाए जाते हैं ?

(ख) देश के अधिकांश जनसंख्या किस हाल में जी रहे हैं ?

(ग) गरीबों की स्थिति ज्यों की त्यों क्यों बनी हुई है ?

3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

(क) उपयोग, कुमार्ग, निर्गुण, संवाद – इन शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।

(ख) अति, सु, अ, स्व – इन उपसर्गों की मदद से दो–दो नवीन शब्द लिखिए।

(ग) चौड़ा, दैनिक, धनवान, डिबिया – इन शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

(घ) त्व, पन, इत, आ – इन प्रत्ययों की मदद से दो–दो नवीन शब्द लिखिए।

4. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

(क) अगम, उपचार,जवान, मत– इन शब्दों का दो भिन्न अर्थ लिखिए।

(ख) अनिवार्य,कंजूस, सबल, मित्र–इन शब्दों का विलोम शब्द लिखिए।

(ग) अतिथि, इच्छा, किनारा,कृष्ण इन शब्दों का दो पर्यायवाची लिखिए।

5. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

(क) वहाँ कुछ काला है।, यह घर मेरा है। – वाक्य में सर्वनाम छाँटकर भेद लिखिए।

(ख) मानवता की पूजा करो।, तुम तो बिल्कुल हरिश्चंद्र हो। – रेखांकित शब्द का संज्ञा–भेद लिखिए।

(ग) माँ ने चाकू से फल काटा, तोता डाल पर बैठा है। – रेखांकित का कारक भेद लिखिए।

. (घ) लता, थाली, खटिया, किसान –इन शब्दों का वचन परिवर्तन कर लिखिए।

7. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

(क) ल, फ, उ, न – इन वर्णों का उच्चारण – स्थान लिखिए।

(ख) जो कम बोलता हो, लेख की नकल – इस वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

(ग) प्रहर, वार्ता, वानर, मस्तक – इनका तद्भव रूप लिखिए।

***********